## सार-समाचार

### महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए समिति गठित

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर डिस्कॉम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीडन की रोकथाम के लिए एक समिति गठित की गई है। इस समिति में अजमेर डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं।समिति के सदस्यों में शामिल सुरभि पारीक वरिष्ठ लेखाधिकारी लेखा अजमेर डिस्कॉम अलका जैन अध्यक्ष ज्ञानम एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी अजमेर, दीपक मंगल कार्मिक अधिकारी मुख्या अजमेर डिस्कॉम, वर्षा गुप्ता सहायक लेखाधिकारी, कविता बुन्देल कनिष्ठ अभियंता कार्यालय सचिव प्रशासन, अतिमा ईनाणी प्रशासनिक अधिकारी अजमेर डिस्कॉम। यह समिति कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीडन की रोकथाम के लिए कार्य करेगी और अजमेर डिस्कॉम में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करेगी। सचिव प्रशासन सीमा शर्मा ने कहा कि हमारी कंपनी में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। यह समिति इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 75वां राष्ट्रीय विधि दिवस मनाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। संगम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विधि दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय विधि दिवस भारतीय संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है।कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश अजय शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) विशाल भारगवा और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नागेंद्र सिंह सहित विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।जिला न्यायाधीश अजय शर्मा ने संविधान के महत्व पर जोर देते हुए इसकी तुलना पतंग से की जो हमें ऊंचाइयों तक ले जाती है। एडीजे विशाल भारगवा ने भारतीय संविधान के इतिहास और कानूनी अधिनियम बनाने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की, जबकि सीजेएम श्री नागेंद्र सिंह ने भी संविधान के इतिहास के बारे में बताया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. (डॉ.) करुणेश सक्सेना; प्रो वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) मानस रंजन पाणिठाही, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) राजीव मेहता और डीन विधि विभाग प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ओमप्रकाश सोमकुंवर, डॉ. सुनाक्षी शर्मा, डॉ. गोवर्धन लाल पांडे, शशांक शेखर सिंह, आदित्य दाधीच, गौरव सक्सेना,और वर्तिका मिश्रा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विष्णुप्रिया दाधीच ने किया, जबकि एंकरिंग कशिश मरवाहा ने की। स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रम में पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता शामिल थी। भाषण प्रतियोगिता में अभिनव जैन ने और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता में संजना कौशिक ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**शाहपुरा,** (निसं)। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभागों की कार्य प्रगति रिपोर्ट,परियोजनाओं व योजनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति, जनसुनवाई में प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण सहित विभिन्न बिंदुओं की ज़िला कलेक्टर द्वारा समीक्षा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान ज़िला कलेक्टर शेखावत ने जिले से संबंधित विभागों की बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समय पर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान ज़िला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को झोलाछाप डॉक्टरों के ख़िलाफ़ अभियान चलाकर सख़्त कारवाई करने के निर्देश प्रदान किए।इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

### समस्याओं पर ज्ञापन दिया

**शाहपुरा,** (निसं) । संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चंपावत व महामंत्री जगेश्वर शर्मा एवं मुख्य संरक्षक संयुक्त कर्मचारी महासंघ के एकीकृत गजेंद्र सिंह राठौड़ ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को प्रबोधकों के अधिशेष होने पर आ रही समस्याओं पर ज्ञापन दिया गया । इस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया की आपकी मांग को प्रमुखता से रखा जाएगा। मांग में अधिशेष प्रबोधक शिक्षक को अधिशेष से पहले 6 एवं पदोन्नित की जाए, जिससे अधिशेष प्रबोधक शिक्षकों में आ रही समस्या का निराकरण हो सके।शारीरिक शिक्षक एवं शारीरिक प्रबोधक शिक्षक एवं प्रबोधकों को सेकेंडरी सेटअप व इंग्लिश मीडियम मैं ही अधिशेष प्रबोधकों को वहीं पर पदस्थापन किया जाए,अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के आईटी सेल प्रभारी एवं संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुरा गजराज सिंह राठौड़ सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर में 121 रोगीयों को दवा वितरण

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। सेवा भारती की और से धान मंडी स्थित केसरीचंद चौधरी सेवा सदन में आयोजित निःशुल्क आयुर्वेदिक इलेक्ट्रोपैथिक फिजियोथैरेपी शिविर में 121 रोगियों की जांच कर दवा वितरण की गई। वैद्य कृष्णकुमार, गोविंद सहाय शर्मा, संतोष शुक्ल इलेक्ट्रोपैथी डॉ विनय सिंह चौहान, प्रवीण गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ सविता कश्यप, फिजियोथेरेपी से ताहिर मोईन ने सेवाएं दी। जिलाअध्यक्ष गिरधर पुरोहित ने सेवा भारती के जन कल्याणकारी प्रकल्प के बारे में जानकारी दी। शिविर में जोड़ों में दर्द, गठिया बाई, मधुमेह, बीपी, अस्थमा, एलर्जी, पथरी आदि रोग से ग्रसित रोगियों को दवा वितरित की। मंच संचालन जिला सहमंत्री राजेश नवहाल ने किया। इस दौरान संरक्षक सीताराम बंसल, दिनेश, करमचंद, विनोद, घनश्याम, भंवरलाल साहु, शंकर सोलंकी आदि मौजूद रहे।

### परिषद का चार्ज लिया एसडीएम ने

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर नगर परिषद में भी निर्वाचित भाजपा बोर्ड का कार्यकाल सोमवार को खत्म हो गया था । जिसके पश्चात राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब पुष्कर एसडीएम गौरव मित्तल यहां के मुख्य प्रशासक नियुक्त किया गया। मंगलवार की शाम मित्तल ने परिषद कार्यालय पहुंचकर प्रशासक का कार्यभार संभाल लिया । परिषद कार्यालय पहुंचने पर आयुक्त कीर्ति कुमावत ने उन्हें पुष्प भेंट कर स्वागत किया । इसी के साथ एसडीएम मित्तल ने अब एक और नई जिम्मेदारी ग्रहण कर ली । अब आगामी महीनों में होने वाले निकाय चुनावों के दौरान परिषद के नए बोर्ड का गठन होने तक मित्तल यहां प्रशासक की भूमिका निभाते रहेंगे । खास बात यह है कि पुष्कर परिषद बनने के बाद अब वार्डो का नए सिरे से सीमांकन किया जाएगा । इसके साथ ही पक्ष और विपक्ष के पूर्व पार्षदों द्वारा भी अपने अपने वार्डो में विकास कार्य करवाए जाने के दबाव रहेगा जो प्रशासक मित्तल के लिए एक बड़ी चुनौती होगा ।

# भारतीय ट्रेड यूनियन की ओर से राज्य स्तर पर विरोध दिवस मना कर मांग पत्र दिया

**भीलवाडा,**(निसं) । जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू की ओर से राज्य स्तर पर विरोध दिवस मना कर मांग पत्र दिया गया।

प्रांतीय प्रतिनिधि ओमप्रकाश देवानी ने बताया कि राज्य स्तरीय मांग पत्र में - (1) सरकार द्वारा लेबर कोड कानून वापस लेने, (2) न्यूनतम वेतन 26000 पर लागू करने, (3) समान काम समान वेतन देने, (4) ठेका प्रथा को बंद करने, (5) आंगनबाड़ी योजना कर्मियों को स्थाई करने, (6) निर्माण श्रमिकों की योजनाओं की सहायता लागू करने, (7) भीलवाड़ा मैं बंद हुई टेक्सटाइल श्रमिकों का भुगतान दिलाया जाने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। देवानी ने बताया कि भीलवाड़ा में टेक्सटाइल प्रबंधकों द्वारा श्रमिकों को बिना उनका हिसाब दिए बगैर संस्थाओं को बंद किए जाने पर श्रमिकों ने आक्रोश व्यक्त किया। भीलवाड़ा स्थित मयूर फैब्रिक के प्रबंधक ने संस्थान को बंद कर दिया और श्रमिकों का भुगतान नहीं किया गया, इसी प्रकार अजय सिंटेक्स द्वारा अपने संस्थान की मशीनों को बेच दिया। श्रमिकों को अवैध रूप से सेवा पृथक कर दिया, सूरज यूनिवर्सल के श्रमिकों को भी प्रबंधन ने उनका समस्त हित लाभ का भुगतान नहीं दिया, एलडी शूटिंग ने भी अपनी संस्थान की मशीन बेच दिया और श्रमिकों को सेवा पृथक कर दिया। इस प्रकार भीलवाड़ा में टेक्सटाइल के मालिकों द्वारा बिना किसी युक्तियुक्त कारण के श्रमिकों को सेवाओं का लाभ नहीं देकर कार्य से बेदखल किया जाता है, इन सब चीजों को लेकर श्रमिकों में भारी आक्रोश रहा उन्होंने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान टेक्सटाइल श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सोनू शर्मा, सद्दाम हुसैन, रामनिवास, गणेश गहलोत, सोनू माली, हकीम मोहम्मद, सुरेंद्र बिश्नोई, मोतीलाल, दिनेश मीणा, जगदीश, नरेंद्र मराठा, मनोहर सोनी जिला बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन से मंजू आचार्य इंदिरा वैष्णव सद्दाम नारायण माली करण सिंह केदारेश्वर सद्दाम जलदाय कर्मचारी यूनियन से भेरूलाल खारोल नानूराम मेनारिया कालूराम एवं संगम इंडिया के श्रमिकों मैं लोकेश महावर अशफाक आशीष सोमानी बबूनाथ रामलाल विशाल जोगी दिनेश शर्मा रिंकू माली आक्रोश व्यक्त किया।



भीलवाड़ा मैं बंद हुई टेक्सटाइल श्रमिकों का भुगतान दिलाया जाने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

■ श्रमिकों ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

## संविधान दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया

**मसूदा,** (निसं)। मंगलवार को पंचायत समिति परिसर में संविधान दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया मसूदा विकास अधिकारी संदेश पाराशर ने संविधान के महत्व और इसके प्रावधानों पर चर्चा की गई संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किया इसके महत्व को समझने का प्रयास किया और कहा कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है ।

यह दिन भारतीय संविधान के अपनाए जाने की याद में मनाया जाता है, जो 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था और कहां संविधान दिवस हमें हमारे देश के संविधान के महत्व को समझने और इसके प्रावधानों का पालन करने का अवसर प्रदान करता है। हमें अपने देश के संविधान को समझना चाहिए और इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आधारशिला है ।और यह हमें न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के मूल्य की याद दिलाता है।

## संविधान दिवस मनाकर किया संविधान रक्षक अभियान का आगाज

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर संविधान दिवस का अभूतपूर्व आयोजन कर संविधान रक्षक अभियान का शुभारम्भ किया गया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता , जिला प्रभारी पीसीसी सचिव रंजना शर्मा के मुख्य आतिथ्य, पूर्व सभापति मधु जाजू एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता गांधीवादी विचारक एवं शिक्षाविद शंकरलाल काबरा रहे। अन्य वक्ताओं में राजेन्द्र जैन , एडवोकेट अशोक जैन , गौरीशंकर दायमा , एडवोकेट भैरूलाल बैरवा ने संविधान दिवस मनाने की आवश्यकता के साथ -साथ संविधान निर्माण की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। जिला प्रभारी एवं पीसीसी सचिव रंजना शर्मा ने वर्तमान समय में संविधान के मूल सिद्धांतों , मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं पर केन्द्र एवं राज्यों की भाजपा सरकारों द्वारा किये जा रहे हमलों और दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संविधान रक्षक अभियान की जानकारी दी गयी। सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी द्वारा मुख्य वक्ता शंकरलाल काबरा का शॉल ओढ़ाकर तथा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि रंजना शर्मा का ऊपरणा पहनाकर सम्मान किया गया।दुर्गेश पानेरी ने बताया कि इस अवसर पर ईश्वर खोईवाल , रामलाल गाडरी, एडवोकेट अशोक जैन एडवोकेट , मो. रफीक शेख , भैरूलाल बैरवा , पूर्व पार्षद सुरेश बंब , मुस्ताक अली मंसूरी , कलीम काजी , दीपमाला लोट , मुकेश खोईवाल , संदीप , मंजू , शिवराज , खेमराज , घनश्याम , राजेश शर्मा , मो. हारून रंगरेज, रविशंकर पोराणीक , ओमप्रकाश , लीला देवड़ा , दिनेश बैरवा ,हरक चन्द कोठारी एवं मोइनुद्दीन घोसी, प्रकाश पितलिया सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में चन्द्र प्रकाश अमरवाल द्वारा सभी का आभार प्रदर्शित किया गया।

## युवती से पर्स लूट की वारदात

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में पर्स लूट की घटना सामने आई है। स्कूटी सवार दो बदमाश एक युवती का पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में मोबाइल, आधार, पैन कार्ड, एटीएम और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पीड़ित युवती ने मामले की शिकायत क्रिश्चियन गंज थाने में दर्ज करवाई है।क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार, गौरी नगर निवासी ऋचा सिंह ने बताया कि वह ईदगाह रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेकर वापस आ रही थी। इस दौरान स्कूटी पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसका पर्स छीन लिया। ऋचा सिंह ने बताया कि उसने बदमाशों का पीछा किया और चिल्लाई, लेकिन दोनों बदमाश तेजी से भाग निकले।पीडिता ने पुलिस को बताया कि पर्स में उसका मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम और नगदी सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घटना की सूचना मिलने पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# राष्ट्र की आत्मा है भारतीय संविधान : ज़िला कलेक्टर

**शाहपुरा,** (निसं)। संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की विशिष्ट विशेषताओं पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की । विद्यार्थियों ने संविधान से संबंधित विषयों जैसे प्रस्तावना, संशोधन, अनुच्छेद, रिट, विभिन्न विधेयक, नीतियाँ, महत्वपूर्ण मामले जिनके कारण संविधान में संशोधन हुआ आदि पर बात की।

देश में वर्तमान उथल-पुथल के मद्देनजर, यह महसूस किया गया कि संविधान की विचारधारा और समय की बदलती जरूरतों को दर्शाने वाले नए विचारों का सम्मिश्रण लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य पी आर मीणा सहित कॉलेज की अन्य फैकेल्टी ने संविधान विषय पर अपने विचार रखें तथा शपथ ग्रहण का भी आयोजन किया गया।ज़िला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने इस संगोष्ठी में

■ प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

पहुँच कर सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि किस तरह भारतीय संविधान हमें सशक्त बनाता है।

उन्होंने कहा की संविधान में जिन अनुच्छेदों और सूचियों का उल्लेख किया गया है, वह प्रत्येक देशवासी के जीवन में उपयोगी है। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार प्राप्ति और जीवनयापन में भी भारतीय संविधान की महत्ता और उपयोगिता सदैव बनी रहेगी।ज़िला कलेक्टर ने संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक देशवासी को सशक्त बनाने के साथ-साथ जागरूक भी करता है। ज़िला कलेक्टर ने विद्यार्थीयो को संविधान के महत्व के बारे में बताते हुए संविधान के द्वारा प्रदान किए गये मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों , डीपीएसपी , विभिन्न एक्ट , संविधान संशोधन सहित विभिन्न प्रावधानों के के बारे में विद्यार्थीयो से विस्तार में चर्चा की।संगोष्ठी में विभिन्न प्रावधानों का विश्लेषण किया गया और सुझाव दिए गए। स्वतंत्रता, विकेंद्रीकरण और समानता की भारतीय विचारधारा संविधान में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। दर्शकों को भारतीय संविधान के महत्व, दोषों और सुझावों को प्रभावित करने वाले एक लंबे सत्र के बाद संगोष्ठी समाप्त हुई। इस दौरान संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित हुई तथा प्रश्नोत्तरी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी राम अवतार जाट , महाविद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे ।

# भारत सरकार द्वारा संचालित मेड़ता स्किल इंडिया का शुभारंभ

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है स्किल इंडिया मिशन के तहत मंगलवार को आह्मिदया मदरसा समिति मेड़ता के द्वारा ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन की फ्रेंचाइजी का शुभारंभ हुआ इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा,पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा

■ पैरामेडिकल कोर्सेज की मिलेगी सौगात

,विधायक प्रतिनिधि कलरू सरपंच अशोक जूरिया ,शिवरतन वाल्मीकि,चेयरमैन सलीम मोयल,पूर्व चेयरमेन रुस्तम अली प्रिंस ,इत्यादि ने संबंधित करते हुए कहा कि यह राजस्थान की पहली ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में संस्था शुरू की गई है जो डीएमएलटी ,सीएमएलटी, लैब टेक्नीशियन , पैरामेडिकल के कोर्सेज करवाएगी।जिससे बच्चे अपना करियर बना पाएंगे और आज के युग कंपटीशन का युग है। ऐसे में इस तरह की कोशिश का मेड़ता में शुभारंभ होना वाकई एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जो की नागौर में ही नहीं राजस्थान की प्रथम प्रकार की संस्था होगी जो पैरामेडिकल कोर्स स्किल इंडिया मिशन के तहत करवायेंगी।

आए हुए मेहमानों का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया और उसके बाद नागौर चौकी पर स्थित अहमदिया मदरसा समिति की ओल्ड बिल्डिंग में फीता काटकर शुभारंभ किया गया।इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सलीम शेरानी, जीसान कुरैशी ,अमजद केके अहमदिया मदरसा समिति के अध्यक्ष अजीज खां भाटी, सचिव रियाज मोहम्मद खान, उपाध्यक्ष शबीर शेरानी,अब्दुल रहमान बेहलीम, मेड़ता कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला,उमर प्रिंस,सरदार खान जोया,शब्बीर शेरानी, हारून रिजवी,डॉ आर के तंवर,इस्लाम पठान,खुर्शीद भाई,अमीन,महेंद्र जयपाल,मुन्नाभाई गहलोत,मजीद भाई,बाबू भाई ,हबीब खान, सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


कॉलेज का उद्घाटन करते हुए अतिथि ।

## कलेक्टर ने सरकारी कार्मिकों को दिलाई शपथ

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिला कलेक्टर लोकबंधु ने संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में सरकारी कार्मिकों को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर भी आयोजन किए गए।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। जिला कलेक्टर लोक बंधु ने इस अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान निर्माताओं का स्मरण करते हुए उनके द्वारा दिए गए सिद्धांतों और मूल्यों का पालन करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की नींव है और इसके सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ने से ही हम विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं।

**कैलेंडर के अनुरूप जिले में विभिन्न आयोजनः-**लोक बंधु ने कहा संविधान दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान और उसके निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के योगदान को याद करने और उनके सिद्धांतों का पालन करने का दिन है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर एक

■ कलेंडर के अनुरूप जिले भर में होंगे विभिन्न आयोजन

मजबूत और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नागरिकों को संविधान के महत्व और उसके सिद्धांतों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कलेंडर के अनुरूप जिले में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियों, व्याख्यानों सहित कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों को शामिल किया जाएगा।इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी सरकारी कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखें और अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जनता की सेवा करें।

उन्होंने कहा कि संविधान हमें न केवल हमारे अधिकारों की जानकारी देता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। इसलिए हमें अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उपस्थित सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की शपथ लेकर उसकी रक्षा और पालन करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस ने मनाया संविधान बचाओ दिवस

**अजमेर,** (कासं)। संविधान दिवस पर कांग्रेस ने मंगलवार को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया। कांग्रेस नेताओं ने अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भाजपा पर निशाना साधा।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, अजमेर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।रामचंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा नेता संविधान को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियां और कार्य संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। कांग्रेस को अपने मतभेद दूर करके इस आंदोलन को सफल बनाना होगा। अजमेर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने भी भाजपा पर हमला बोलते

■ कांग्रेस ने मनाया संविधान बचाओ दिवस बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

हुए कहा लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए हमें संविधान बचाना होगा। भाजपा देश को बांटने का काम कर रही है और हम इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे।

रलावता ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम में कांग्रेसी नेताओं ने संविधान की रक्षा और उसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान ही देश की एकता और अखंडता का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**अराई,** (निसं)।ग्राम पंचायत कटसुरा में मंगलवार को इस वर्ष 26 नवंबर को संविधान लागू होने के 75वें वर्ष के उत्सव के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष में सरपंच राधा देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।

ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत द्वारा बताया गया कि ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को संवैधानिक मूल्य पर प्रश्नोत्तरी स्वयं सहायता समूह एसएचजी के साथ जुड़ाव आदिवासी समुदायों में क्षमता निर्माण एवं संविधान से संबंधित अधिकारों और कर्तव्य से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई ग्राम सभा में सरपंच राधा देवी ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्रसिंह शेखावत सीआर मंदराज देवी पटवारी प्रकाश शर्मा प्रिया अग्रवाल पशु चिकित्सक मंदराज समाजसेवी हरदिन घासल हरदयाल जाखड़ लादूराम नामा सहित कर्मचारी वार्डपंच ग्रामीणजन ग्राम सभा में उपस्थित हुए।

# प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को बताया भारतीय संविधान का इतिहास

**भीलवाड़ा।** संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा शिक्षा विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र मार्ग विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजित की गई व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा संविधान के इतिहास, इसके प्रावधानों और इसके महत्व को दर्शाने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई। राजेंद्र मार्ग राजकीय विद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष में आयोजित संगोष्ठी में जनसम्पर्क अधिकारी हेमन्त छीपा, प्रधानाचार्य श्याम लाल खटीक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वरिष्ठ सहायक रोहित वर्मा सहित स्कूल के शिक्षकों सहित छात्रों ने भाग लिया।

जनसम्पर्क अधिकारी हेमन्त छीपा ने बताया कि इस संगोष्ठी में संविधान के महत्व और इसके प्रावधानों पर चर्चा की गई। वक्ताओं तथा छात्रों ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए और इसके महत्व को समझने का प्रयास किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता


संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा शिक्षा विभाग की संगोष्ठी का आयोजन।

■ संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

है। यह दिन भारतीय संविधान के अपनाए जाने की याद में मनाया जाता है, जो 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य श्यामलाल खटीक ने कहा, संविधान दिवस हमें हमारे देश के संविधान के महत्व को समझने और इसके प्रावधानों का पालन करने का अवसर प्रदान करता है। हमें अपने देश के संविधान को समझना चाहिए और इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आधारशिला है और यह हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व के मूल्यों की याद दिलाता है।